आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.07.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- संसद का बजट सत्र शुरू। आर्थिक सर्वेक्षण में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा की स्थिति में रिस्पांस टाइम कम करने और भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द खोलने के निर्देश दिए।
- राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में रुक–रुककर बारिश का दौर जारी, कुमाऊं मंडल में अगले 36 घंटे के लिए भारी बारिश की चेतावनी।
- **और.......** श्रावण मास की वार्षिक कांवड़ यात्रा आज से शुरू, लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई।

--------------

**बजट सत्र**

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में अनिश्चित वैश्विक आर्थिक निष्पादन के बावजूद घरेलू वृद्धि कारकों ने आर्थिक विकास में मदद की है।

**नीट–यूजी पेपर लीक**

सरकार ने कहा है कि पिछले सात वर्षों में देश में पेपर लीक का कोई मामला सामने नहीं आया है और वह नीट–यूजी पेपर लीक मामले में कुछ भी नहीं छिपा रही है। शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी स्थापना के बाद से 240 परीक्षाएं आयोजित की हैं। इनमें साढ़े चार करोड़ से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। श्री प्रधान ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस बयान को निंदनीय बताया, जिसमें उन्होंने देश की परीक्षा प्रणाली की आलोचना की थी। देश में पेपर लीक की घटनाएं आम होने के विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। श्री प्रधान ने सदन को बताया कि नीट–यूजी परीक्षा में केवल एक स्थान पर विसंगतियां और भ्रष्टाचार के मामलों का पता चला है। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि देश में लाखों विद्यार्थी परीक्षाओं और अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं।

## मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

प्रदेश सरकार ने नैनीताल के हल्द्वानी स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में संविदा के माध्यम से लगभग 12 मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति को मंजूरी दी है। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सभी संकाय सदस्यों का चयन हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से किया गया है। डॉक्टर रावत ने कहा कि मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति से मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार होने के साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज में शत–प्रतिशत मेडिकल फैकल्टी की तैनाती करना है।

## आपदा परिचालन केन्द्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए

अधिकारियों को हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे निरन्तर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी और देहरादून के जिलाधिकारियों से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत, पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखने और संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। श्री धामी ने जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि के कारण सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें जल्द खुलवाने के निर्देश दिए।

**मौसम**

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में सुबह से रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से पर्वतीय क्षेत्रों में कई मुख्य और संपर्क मार्गों के अवरूद्ध होने की खबर है। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सैंज बिशनपुर के पास वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। भूस्खलन के चलते बंद मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है। आकाशवाणी से बातचीत में देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि कुमाऊं मंडल में अगले 36 घंटे के लिए भारी से भारी बारिश का रेड़ और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं। उन्होंने गढ़वाल मंडल में भी कहीं–कहीं भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। राजधानी देहरादून में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी सोनिका ने कल कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं।

**पिथौरागढ़ मौसम**

पिथौरागढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश से काली नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने परामर्श जारी कर नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पिथौरागढ़ से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि मदकोट क्षेत्र में गोरी नदी की सहायक

मदकानी नदी का जलस्तर बढ़ने से देवीबगड़ और भैरोबगड गांवों के कई घरों के आसपास भू–कटाव शुरू हो गया है। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने दोनों गांवों के 13 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि प्रशासन नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा।

## कांवड़ यात्रा

प्रदेश में श्रावण मास की वार्षिक कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो गई है। इस यात्रा के दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेने उत्तराखंड के हरिद्वार, गोमुख और गंगोत्री धाम पहुंचते हैं। प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रावण मास के पहले सोमवार पर सभी शिव भक्तों का कांवड़ यात्रा–2024 में स्वागत और अभिनंदन किया है। उन्होंने कांवड़ियों से मां गंगा की स्वच्छता और क़ानून व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करने की अपील की है। पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार कांवड़ यात्रा में आने वाले सभी शिव भक्तों के सुगम और सरल यात्रा कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। हरिद्वार जिला प्रशासन का अनुमान है कि इस वर्ष कांवड़ मेले में पांच करोड श्रद्धालुओं की आने की संभावना है।

## श्रावण सोमवार

आज श्रावण मास का प्रथम सोमवार है। श्रावण मास में शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रूद्राभिषेक का विशेष महत्व है। प्रदेश भर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से शिवपूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। केदारनाथ में आज ब्रहम मुर्हुत में कपाट खुलने के साथ ही विशेष श्रृंगार के बाद ज्योतिलिंग का विभिन्न अभिषेकों से पूजन–अर्चन किया गया। वहीं, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी समेत राज्य के अन्य जिलों में स्थित शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक और पूजा अर्चना की।

## केदारनाथ ध्यान गुफा

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग केदारनाथ ध्यान गुफा विदेशी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। अमेरिका की सिमोना के बाद अब जर्मनी की निकोल ने गुफा में ध्यान साधना की है। निकोल दस दिन तक ध्यान गुफा में रहीं, जो एक रिकॉर्ड है। वह पहली श्रद्धालु हैं, जिन्होंने केदारनाथ पहुंचकर इतने दिनों तक ध्यान गुफा में ध्यान किया है। गढ़वाल मंडल विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक गिरवीर सिंह रावत ने बताया कि ध्यान गुफा को लेकर शिव भक्तों में उत्साह है और इसकी बुकिंग भी लगातार हो रही है। निगम के अनुसार कपाट खुलने के बाद से केदारनाथ में ध्यान गुफा में ध्यान साधना करने वाले 39 श्रद्धालुओं में 12 विदेशी और 27 भारतीय शामिल हैं। इस वर्ष धाम में ध्यान गुफा की बुकिंग 3700 रुपये तय की गई है। जीएमवीएन को ध्यान गुफा से अब तक एक लाख 44 हजार 300 रुपये की आय भी हो चुकी है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर वर्ष 2018 में मंदिर से करीब डेढ़ किलोमीटर पीछे मंदाकिनी नदी के दूसरी ओर पहाड़ी पर आठ लाख रुपये में गुफा बनाई थी। वर्ष 2019 में श्री मोदी खुद धाम आए थे और ध्यान गुफा में 17 घंटे तक ध्यान लगाया था।

## नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्वक बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में मॉडल कॉलेज, महिला छात्रावास और लैबों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही प्रतिभावान छात्रों को शोध के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। श्री धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पाने वाले युवाओं से आह्वान किया कि जनसभागिता से योजनाएं बनाएं और प्रत्येक व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच सामंजस्य बैठा कर सरकार का प्रयास है कि शहरों में रहने वाले लोगों के जीवन को सुधार कर स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर विकास का इंजन है और सरकार छोटे बड़े शहरों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।